इंदौर में ग्लोबल जेक्वार वर्ल्ड शोरूम लॉन्च

इंदौर . जेक्वार ग्रुप ने इंदौर के स्टार चौराहे के पास एमआर 10 रोड पर अपने सबसे बड़े जेक्वार वर्ल्ड शोरूम को लॉन्च किया . यह नया प्रमुख शोरूम चार मंजिलों में 58,000 वर्ग फुट के विशाल एरिया में फैला है, जो ग्राहकों को जेक्वार ग्रुप के संपूर्ण बाथ और लाइट पोर्टफोलियो को देखने और एक्सपर्ट कंसल्टेशन सर्विसेज प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है . इस उद्घाटन में दिग्विजय काठीवाड़ा, राजेश मेहरा और किशन मेहरा, डायरेक्टर्स और प्रमोटर्स, जेक्वार ग्रुप उपस्थित थे . नए ग्लोबल स्टोर के लॉन्च पर राजेश मेहरा, डायरेक्टर और प्रमोटर, जेक्वार ग्रुप ने कहा कि इंदौर हमारे दिल के बहुत करीब है और हम इस शहर और पूरे मध्य प्रदेश क्षेत्र को सर्वश्रेष्ठ सामान प्रदान करना चाहते हैं . जेक्वार वर्ल्ड शोरूम में, ग्राहक आकर अपनी पसंद के अनुसार अपने घर या ऑफिस के लिए बाथरूम और लाइटिंग उत्पाद चुन सकता है . वे अपने हर तरह के स्पेस के लिए हर तरह के कॉन्सेप्ट को तैयार कर सकते हैं । इसके लिए वे स्टोर में ही प्रोफेशनल डिज़ाइन और तकनीकी गाइडेंस प्राप्त कर सकते हैं, और जो वे बनाने जा रहे हैं उसका प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं .